******************************************

# मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति

सौली खड्ड मंडी, (हि.प्र.)–175001

*******************************

# वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

## 1 अप्रैल,2022 से 31 मार्च,2023

** *************************************

## गठन व पृष्ठभूमि

मंडी जिला में साक्षरता अभियान की शुरूआत के लिए प्रयास हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए अभियान से पहले हो चुके थे। बहुचर्चित भोपाल गैस कांड ने जब सारे देश को हिला कर रख दिया था, तब राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों, बुद्धिजीवियों, लेखकों व कलाकारों को मंच पर इकट्ठा करने की जरूरत महसूस हुई। वर्ष 1987 में 26 संगठनों ने अपने आपको अखिल भारतीय जन विज्ञान नेटवर्क के रूप में संगठित किया ताकि लोगों को वैज्ञानिक तौर तरीकों तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रति बेहतर समझ विकसित की जा सके तथा समाज के विकास में उनके योगदान के प्रति अवगत करवाया जा सके। साक्षरता दूत के रूप में राजेन्द्र मोहन और भूपेन्द्र सिंह ने कला जत्थे की अगुवायी की। 25जून,1990 को जिला स्तरीय सम्मेलन में ही एक कला जत्थे का गठन हुआ जो प्रशिक्षण के बाद गांव गांव में साक्षरता की मशाल जलाने चल पड़ा। तत्तकालीन उपायुक्त डा. अशोक रंजन बसु की अध्यक्षता में भारत ज्ञान विज्ञान समिति की मंडी इकाई का गठन किया गया। मंडी में यहीं से साक्षरता अभियान का सूत्रपात हुआ। मंडी जिले में साक्षरता अभियान के लिए जमीन पहले से तैयार हो चुकी थी। भारत ज्ञान विज्ञान समिति की मंडी इकाई पहले से मौजूद थी। वरिष्ठ लेखक व सेवानिवृत प्राचार्य प्रो. सुंदर लोहिया ने इस अभियान में जुड़ने की सहमति मिलने से साक्षरता के कार्य व जागरूक नवयुवकों को अधिक बल मिला। प्रदेश में इसकी शुरूआत 14जून,1992 को हिमाचल विश्वविद्यालय के सभागार में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम श्री आर. वेकटरमन द्वारा साक्षरता ज्योति प्रज्जवलित की गई। परंतु जिला मंडी में 5फरवरी,1992 को विधिवत ढंग से मंडी साक्षरता समिति का गठन सोसायटी एक्ट 1860 के तहत कर दिया गया था। तत्कालीन अतिरिक्त उपायुक्त श्री जी.एस.राठौर समिति के अध्यक्ष बने और प्रो. सुंदर लोहिया सचिव बनाए गए। अतः पिछले कार्य के अनुभव के आधार पर मण्डी में स्वयं सहायता समूह बनाने का निर्णय लिया गया। वर्ष2000 में राष्ट्रीय कृषि एवम् ग्रामीण विकास बैंक के साथ जुड़कर विभिन्न परियोजनाओं में कार्य किया जा रहा है जिसमें स्वयं सहायता समूह ,किसान क्लब, संयुक्त देयता समूह, गाँव विकास कार्यक्रम, वित्तीय साक्षरता अभियान, लोहागिरी कलस्टर विकास, थाची, मुख्य है। 2009 में सूक्ष्म बीमा कार्य जीवन निगम के साथ शुरू किया है। दिसंबर,2022 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तिय समावेशन कार्यक्रम वित्तिय साक्षरता केन्द्र सीएफएल सैंटर स्थापित करने की योजना चलाई जा रही है। **मण्डी,हमीरपुर व कुल्लू** जिला का कार्य मण्डी साक्षरता एवम् जन विकास समिति को दिया गया है। समिति ने इन कार्यक्रमों को आम जनता,प्रशासन,जन प्रतिनिधियों व स्वंय सेवी कार्यकर्ताओं के सहयोग व मेहनत से देश में अग्रणी रूप से चलाया है। समिति ने जन सहयोग व प्रशासन के सहयोग से अपना भवन, स्त्रोत प्रशिक्षण केन्द्र, बैठक कक्ष, बनाया है।

## <u>संगठनात्मकः</u>

समिति की साधारण सभा व कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें कोर समूह में ९सदस्य पदाधिकारी होगें।

| क्र | नाम | पद | मोबाईल | फोटो |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हेमंत राज वैद्य | अध्यक्ष | 94181- 00333 |  |
| 2 | श्री राजेंद्र मोहन | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | 94184- 94222 |  |
| 3 | श्री जोगिन्द्र वालिया | उपाध्यक्ष | 94180- 23354 |  |
| 4 | श्री भीम सिंह | म्हासचिव | 94180- 73190 |  |
| 5 | डा. वीना वैद्य | सचिव | 94184- 56803 |  |
| 6 | श्री मुरारी शर्मा | सह सचिव | 94180-25190 |  |
| 7 | श्री तिलक राम चौहान | सह सचिव | 94181-64779 |  |
| 8 | श्रीमती सुनीता बिस्ट | सह सचिव | 94180-85651 |  |
| 9 | श्री ललित शर्मा | कोषाध्यक्ष | 94181-64777 |  |
| 10 | श्री भूपेंद्र सिंह | कार्यकारिणी सदस्य | 94180-35530 |  |
| 11 | श्री बीरबल शर्मा | कार्यकारिणी सदस्य | 94180-40040 |  |
| 12 | डा. विजय विशाल | कार्यकारिणी सदस्य | 94181- 23571 |  |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | श्री नरपत राम | कार्यकारिणी सदस्य | 94183- 71321 |  |
| 14 | श्री एनआर ठाकुर | कार्यकारिणी सदस्य | 94184- 83177 |  |
| 15 | श्री नवल किशोर | कार्यकारिणी सदस्य | 94186- 53288 |  |
| 16 | श्री सेवक राम | कार्यकारिणी सदस्य | 94181-64778 |  |
| 17 | श्री कांशी राम | कार्यकारिणी सदस्य | 94185-90074 |  |
| 18 | श्री देवेंद्र कुमार | कार्यकारिणी सदस्य | 94182-77268 |  |
| 19 | डा. कमल प्यासा | साधारण सभा सदस्य | 98821- 76248 |  |
| 20 | श्री कुलदीप गुलेरिया | साधारण सभा सदस्य | 94181- 44703 |  |
| 21 | श्री संजीव ठाकुर | साधारण सभा सदस्य | 94184-99553 |  |
| 22 | श्री खेम सिंह | साधारण सभा सदस्य | 94184- 19729 |  |
| 23 | श्रीमती मीरा शर्मा | साधारण सभा सदस्य | 94182-75772 |  |
| 24 | श्रीमती जयंवती | साधारण सभा सदस्य | 94186- 52243 |  |
| 25 | श्री गजेन्द्र शर्मा | साधारण सभा सदस्य | 94180-04088 |  |

## समिति द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाएं

## 1.सुक्ष्म बीमा

समिति ने अब तक 2लाख से ज्यादा लोगों तक सुक्ष्म बीमा की पहुंच बनाई है। मंडी, कुल्लू, कांगड़ा, हमीरपुर के 26 ब्लॉक तक बीमा के कार्य क्षेत्र को बढ़ाया है। इस वर्ष 15हजार बीमा बनाने का लक्ष्य था जबकि 13469 बीमा बनाने में कामयाब रहे है। 70लाख प्रथम प्रीमियम अर्जित किया है। 18.32 करोड़ प्रीमियम अर्जित करके भारतीय जीवन बीमा निगम में जमा करवाया। इस वर्ष 190 मृत्यु दावा हुये जिसके माध्यम से एक करोड़ सहायता राशि उनके परिवारों को मिली। अभी तक1320 बीमा मित्र समिति भर्ती कर चुकी है जिनमें से 750 बीमा मित्र सक्रिय है।

वर्ष 2022–23 के खंड बार पॉलिसी विवरण व लक्ष्य निम्न प्रकार से हैः–

| क्रं | खंड | कार्यकर्ता का नाम | 31मार्च | प्रथम प्रिमियम | 2022–23 | प्रथम प्रिमियम | 2023–24 लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्दर | सुनीता बिस्ट | 379 | 134 | 2533 | 1131 | 2000 |
| 2 | ब्ल्ह | नंद लाल | 448 | 202 | 2065 | 1009 | 2000 |
| 3 | गोपालपुर | सुनीता पटियाल | 433 | 155 | 1742 | 776 | 2000 |
| 4 | नग्गर | धनवंती देवी | 440 | 335 | 1284 | 925 | 2000 |
| 5 | चुराग | सेवक राम | 314 | 261 | 1259 | 1019 | 1200 |
| 6 | गेहर | लालमन | 253 | 134 | 1002 | 417 | 1050 |
| 7 | चौंतड़ा | दिक्षा | 153 | 335 | 946 | 371 | 1050 |
| 8 | सुंदरनगर | देविन्द्रा ठाकुर | 102 | 46 | 811 | 374 | 600 |
| 9 | छंग | लता गोस्वामी | 78 | 31 | 605 | 311 | 600 |
| 10 | स्राज | खुबे राम | 90 | 25 | 408 | 169 | 600 |
| 11 | भौरंज | संतोष | 34 | 47 | 262 | 129 | 600 |
| 12 | बालीचौकी | मोहन भारती | 26 | 16 | 252 | 293 | 500 |
| 13 | हमीरपुर | रेखा गौतम | 140 | 53 | 177 | 70 | 1000 |
| 14 | बैजनाथ | निशा | 100 | 40 | 123 | 39 | 1000 |
| | | कुल | 2990 | 1814 | 13469 | 7033 | 16200 |

## 2.नाबार्ड परियोजनायें

- नाबार्ड स्वीकृत परियोजना के तहत OFPO सरोआ में कम्पनी की कुल सदस्यता 415 एवम् Share capital 5,15,000 हो चुका है। प्रथम क्वार्टर में 115 बनुकरों का प्रशिक्षण करवा दिया गया है। माह फरवरी, मार्च,2023 में 75महिला बुनकरों का प्रशिक्षण करवा दिया गया है। परियोजना में common facility center भवन का निर्माण गाँव जागर सरोआ में होगा कम्पनी के नाम पर जमीन कर दी गई है। कम्पनी का आज तक का फुल टर्नओवर 2,35,150/-हो चुका है। परियोजना के तहत सरोआ हैण्डलूम प्रोड्यूसर कम्पनी के द्वारा Production शुरू करके कम्पनी टैग से उत्पादों की मार्केटिंग जल्द शुरू की जायेगी एवम् 500 सदस्यता जल्द पुरी की जायेगी। जनवरी,2023 तक OFPO परियोजना का 13,58,750/–रू० का क्लैम नाबार्ड शिमला को प्रेषित कर दिया गया है। सरोआ हैण्डलुम कम्पनी हेतु रूरल मार्ट वैन का प्रस्ताव नाबार्ड शिमला को प्रेषित कर दिया गया है।

- Farmer Producer Organization (FPO) परियोजना में FPO सिराज वैली प्रोड्यूसर कम्पनी की कुल सदस्यता 319हो चुकी है एवं कुल share Capital 3,42,000 हो चुका है। FPO कुल टर्नओवर 13,65,000 हो चुका है एवम् FPO को नाबार्ड से 3,42,000/-रूपये की BA ग्रांट प्राप्त हो चुकी है जिसके माध्यम से कम्पनी के द्वारा विजनैस बढ़ाने हेतू कार्य किया जायेगा इस सन्दर्भ में FPO की व्यवसायिक गतिविधि 30 अप्रैल,2023 से पहले नाबार्ड को प्रेषित की जानी है। FPO का मार्च,2023 तक का क्लैम नाबार्ड शिमला को प्रेषित कर दिया गया है।

- FPO परियोजना में प्रगतीशील किसान सहकारी सभा सीमित,माहूनाग,करसोग को नाबार्ड के द्वारा 2वर्ष परियोजना अवधि बढ़ा दी गई जिस हेतु 5,16,000/-रू० स्वीकृत हुए है। FPO हेतु रूरल मार्ट मोबाईल वैन का प्रस्ताव नाबार्ड को प्रेषित किया गया है।

- FPO परसदा हवाणी सरकाघाट की सदस्यता 110 की जा चुकी है कुल Share Capital 2,10,000/- हुआ है हाल ही में FPO के निष्क्रिय निर्देशकों को बदल कर नये निर्देशकों का चयन कर CA के माध्यम से Director Registration/Director Din Etc. का कार्य किया जा चुका है। जिस हेतु कम्पनी के द्वारा 36,400/–रू0 की बिल अदायगी की जानी है। कम्पनी के CEO व नए बोर्ड निर्देशक सदस्यों का प्रशिक्षण माह जनवरी,फरवरी,2023 में किया गया। FPO का क्लैम माह दिसम्बर,2022 नाबार्ड शिमला को प्रेषित कर दिया गया है।

- रूरल मार्ट परियोजना के तहत रितिक रूरल मार्ट का जनवरी,2023 तक का 57,000 रूपये का क्लैम नाबार्ड शिमला को प्रेषित कर दिया गया है। रूरल मार्ट के द्वारा विभिन्न प्रर्दशनियों एवं मेलों में तैयार किये उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

- शिकारी माता रूरल मार्ट की परियोजना अवधि समाप्त हो चुकी है। जिसका अन्तिम क्लैम नाबार्ड शिमला को भेजा जा चुका है। रूरल मार्ट के द्वारा सुचारू रूप से कार्य किया जा रहा है एवम् प्रदेश व देश के स्तर पर उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

- MEDP परियोजनाः–MEDP परियोजना के तहत समिति को वर्ष 2023 में ही चार खण्डों में15 दिन प्रशिक्षण स्वीकृत हुए थे सभी खण्डों निहरी, धर्मपुर, द्रंग व गोहर में प्रशिक्षण करवा दिए गए है एवम् क्लैम नाबार्ड को प्रेषित कर कर दिए हैं।

- **JLG परियोजना :-** **jLG** परियोजना के तहत वर्ष **2022** में **300 jLG** गठन व् लिंकेज की परियोजना नाबार्ड से स्वीकृत हुई है मार्च **2023** में **50 Jlg** का **1** लाख रूपये का क्लेम नाबार्ड शिमला को प्रेषित किया गया है।

## खंड बार लक्ष्य व कुल लिंकेज

| क्र | खण्ड का नाम | कुल समूह बनाने का लक्ष्य | कुल लिंकेज |
|---|---|---|---|
| 1. | बल्ह | 50 | 8 |
| 2. | गोहर | 35 | 0 |
| 3. | सदर | 50 | 2 |
| 4. | सुन्दरनगर | 20 | 6 |
| 5. | करसोग | 20 | 0 |
| 6. | गोपालपूर,धर्मपुर | 50 | 12 |
| 7. | द्रंग | 30 | 13 |
| 8. | चौंतड़ा | 25 | 9 |
| 9. | सराज | 20 | 0 |
| 10. | बालीचौकी | 0 | 0 |
| | कुल | 300 | 50 |

- **एल.ई.डी.पी.परियोजनाः–** एल.ई.डी.पी. परियोजना के तहत एल.ई.डी.पी. थुनाग एवं जंजैहली का क्लैम नाबार्ड शिमला को प्रेषित कर दिया गया है।
- **प्रदर्शनी व मेलेः–** स्वयं सहायता समूहों,FPO,JLG,OFPO, हेतु नाबार्ड द्वारा लगाए जाने वाले विभिन्न प्रदर्शनी व मेले के तहत वर्ष 2023 हेतु सुरजकुण्ड मेला, शिवरात्रि मेला, रिज मेला शिमला,2023में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का क्लैम नाबार्ड शिमला को प्रेषित कर दिया गया है।

**नई स्वीकृत LEDP परियोजना**

1. एल.ई.डी.पी.परियोजना के तहत खंड सदर में 45 दिवसीय प्रशिक्षण राशि 7,15,500/–रू0 की स्वीकृति हुई है।
2. एल.ई.डी.पी.परियोजना के तहत खंड बल्ह में 45 दिवसीय प्रशिक्षण राशि 7,15,500/–रू0 की स्वीकृति हुई है।

**ग्राम दुकान परियोजना 2023**

1. ग्राम दुकान परियोजना के तहत खंड सिराज के स्थान जरोल,संजना स्वयं सहायता समूह हेतु 3,32,000रूपये की परियोजना स्वीकृत हुई है।
2. ग्राम दुकान परियोजना के तहत खंड करसोग के स्थान पर चुराग,अम्बिका स्वयं सहायता समूह हेतु 3,32,000रूपये की परियोजना स्वीकृत हुई है।

## 4. वित्तिय साक्षरता केन्द्र (CFL) परियोजना

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तिय समावेशन कार्यक्रम 2019–2024 के तहत पूरे देश में हर ब्लॉक स्तर पर वित्तिय साक्षरता केन्द्र सीएफएल सैंटर स्थापित करने की योजना चलाई जा रही है। जिसमें प्रथम चरण में 1112 वित्तिय साक्षरता केन्द्रों की स्थापना की गई है। परियोजना के दूसरे चरण में दिसम्बर 2022 तक 500 अतिरिक्त वित्तिय साक्षरता केन्द्रों का गठन किया गया है। हिमाचल प्रदेश में 6जिलों यह योजना चलाई जा रही है मण्डी, कुल्लू, हमीरपुर, सोलन, शिमला तथा सिरमौर। जिसमें से मण्डी, हमीरपुर व कुल्लू जिला का कार्य मण्डी साक्षरता एवम् जन विकास समिति को दिया गया है। उपरोक्त परियोजना के तहत तीन विकास खण्डों पर एक CFL केन्द्र होगा। परियोजना के तहत कुल 9 वित्तिय साक्षरता केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

| क्रमांक | जिला | केन्द्र का नाम | विकास खण्ड | वितपोषण संस्था |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मण्डी | मण्डी सदर | सदर, द्रंग, चौंतड़ा | NABARD |
| 2 | मण्डी | बल्ह | बल्ह, धनोटू, सुन्दरनगर | NABARD |
| 3 | मण्डी | गोहर | गोहर, बालीचौकी, सराज | NABARD |
| 4 | मण्डी | चुराग | चुराग, करसोग, निहरी | RBI |
| 5 | मण्डी | गोपालपुर | गोपालपुर, धर्मपुर | NABARD |
| 6 | कुल्लू | नग्गर | नग्गर, कुल्ल, भुन्तर | NABARD |
| 7 | कुल्लू | आनी | बंजार, निरमण्ड, आनी | RBI |
| 8 | हमीरपुर | हमीरपुर | हमीरपुर, नदौन, सुजानपुर टिहरा | RBI |
| 9 | हमीरपुर | भोरंज | भोरंज, बिझड़, बमसन | NABARD |

### ➢ वित्तिय साक्षरता केन्द्र (CFL) परियोजना का उद्देश्य

वितिय साक्षरता केन्द्र के माध्यम से सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से चलाई गई विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं व बचत योजनाओं में आम जनता को जोड़ने का कार्य किया जायेगा। उपरोक्त केन्द्रों द्वारा कैम्प के माध्यम से लोगों को वित्तिय साक्षरता के बारे में जागरूक किया जायेगा जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं–प्रधानमन्त्री सुरक्षा बीमा योजना,

प्रधानमन्त्री जीवन ज्योती बीमा योजना, अटल पैशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पैंशन योजना, प्रधानमन्त्री मुद्रा योजना, किसान क्रैडिट कार्ड, एटीम कार्ड, डैबिट कार्ड, रूपये कार्ड, ऑनलाईन ट्रांजैक्शन, व बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न बचत स्कीमों की जानकारी उपलब्ध करवाई जायेगी। इसके अलावा ऑनलाईन धोखाधड़ी से कैसे बचें इसके बारे लोगों को जागरूक किया जाऐगा।

## ➢ सी.एफ.एल. केंद्र संचालन और उद्घाटन विवरण

| Sr. | CFL Name | Date of Inauguration | Chief Guest | Other Dignitaries |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MANDI SADAR | 16-01-2023 | **Smt. Ritika Zindal (SDM SADAR)** | Sh. Amrender Gupta DGM, RBI Shimla, Sh. Suresh Kumar Bodh (LDM MANDI ), Sh. Rakesh Verma, (DM NABARD) Sh. Bhim Singh Gen.Secty. MSJVS and All Local Branch Bank Manager |
| 2 | BALH | 16-01-2023 | **Sh. Amrender Gupta (DGM, RBI )** | Sh. Manoj Kumar, BDO BALH,Sh. Suresh Kumar Bodh (LDM MANDI ), Sh. Rakesh Verma, (DDM NABARD)Sh. Bhim Singh Gen.Secty. MSJVS and All Local Branch Bank Manager |
| 3 | GOHAR | 16-01-2023 | **Sh. Raman Sharma (SDM Gohar)** | Sh. Amrender Gupta DGM Sh. Suresh Kumar Bodh (LDM PNB), Sh. Rakesh Verma (DM NABARD).Sh. Bhim Singh Gen.Secty. MSJVS and All Local Branch Bank Manager |
| 4 | CHURAG | 31-01-2023 | **Sh. Suresh Kumar Bodh, (LDM PNB),** | Sh. Prem Kaushal, Manager HPSCB,Sh. Ankush Kuma, Asst. Manager HPGB,Sh. Bhim Singh Gen.Secty. MSJVS and All Local Branch Bank Manager |
| 5 | GOPALPUR | 23-01-2023 | **Sh. Amrender Gupta (DGM, RBI )** | Sh. Suresh Kumar Bodh (LDM PNB),Sh. Bhim Singh Gen.Secty. MSJVS and Sh. Hari Singh, FLC Counsellor, All Local Branch Bank Manager |
| 6 | ANI | 27-01-2023 | **Sh. Amrender Gupta (DGM, RBI )** | Sh. Bhuvnesh Chadha (BDO ANI),Sh. Bhim Singh Gen.Secty. MSJVS, Chife Managar Ramesh Sagar, PNB Ani and All Local Branch Bank Manager |
| 7 | NAGGAR | 20-01-2023 | **Sh. Ashutosh Garg, (DC Kullu)** | Sh. Amrender Gupta DGM, RBI , Sh. Chhering Pama (LDM Kullu), Smt. Oshin Sharama (BDO Naggar), Sh. Bhim Singh Gen.Secty. MSJVs and All Local Branch Bank Manager |
| 8 | HAMIRPUR | 24-01-2023 | **Smt. Saveta Vanik (DC Hamirpur)** | Sh. Bharat Anand LDO RBI, Shimla, Sh. Santosh Kumar Sinha (LDM PNB), Sh. Satpal Choudhary, (DDM Hamirpur)., Sh. Anil Mital Divisional Managar, PNB,Sh. Bhim Singh Gen.Secty. MSJVS and All Local Branch Bank Manager, Sh. Ajay Katla, FLC Counselor |
| 9 | BHORANJ | 24-01-2023 | **Sh. Bharat Anand (LDO RBI)** | Sh. Santosh Kumar Sinha (LDM Hamirpur ), Sh. Satpal Choudhary, (DDM Hamirpur), Sh. Bhim Singh Gen.Secty. MSJVS and All Local Branch Bank Manager |

## ➢ CFL संचालन हेतु ढांचा

- **समिति के स्तर पर ढांचाः–** परियोजना समन्वयक, कार्यक्रम समन्वयक, सहायक परियोजना समन्वयक। परियोजना के कार्य को करवाना व उसकी मॉनिटरिंग का कार्य करेंगे।
- **वितिय साक्षरता केन्द्र पर ढांचाः–** 1सैटर हैड, 1डाटा ऑपरेटर तथा 1 से 3फैसिलीटेटर परियोजनाओं का कार्य करेंगे। 9केन्द्रों में कुल62 कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं।
- **1अप्रैल से 30जून तक की कार्य योजनाः–** 9वितिय साक्षरता केन्द्रों के तहत आने वाले 26विकास खण्ड 30–30 पंचायतों में कुल 780

वितिय साक्षरता कैम्प आयोजित किये जाएंगें। इन पंचायतों में वितिय साक्षरता अभियान चलाया जायेगा जिसमें पर्चा, पोस्टर, स्टीकर के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार किया जायेगा। 18 वर्ष से 60 वर्ष तक के समाजिक सुरक्षा योजनाओं से छूटे सभी लोगों को जोड़ने का कार्य किया जाऐगा।

- **परियोजना के कार्य में अभी तक की प्रगति**

| CFL NAME | Month | A/c open | PMSBY | PMJJBY | APY | SSY | PMMY | ATM | Mobile banking & Other Services | Total | Total Camp | Person Attend the Camp | Loan |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Ani** | FEB | 4 | 111 | 64 | 3 | 0 | 0 | 6 | 0 | **188** | 6 | 279 | 0 |
| | MAR | 0 | 127 | 90 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | **219** | 6 | 295 | 0 |
| **NAGAR** | FEB | 0 | 49 | 45 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | **96** | 9 | 444 | 0 |
| | MAR | 1 | 41 | 32 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | **76** | 6 | 215 | 0 |
| **Hamirpur** | FEB | 0 | 83 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **84** | 7 | 224 | 0 |
| | MAR | 0 | 38 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **39** | 4 | 113 | 0 |
| **Bhoramj** | FEB | 61 | 231 | 96 | 27 | 3 | 4 | 26 | 20 | **468** | 10 | 287 | 31 |
| | MAR | 17 | 169 | 82 | 11 | 2 | 10 | 87 | 2 | **380** | 6 | 171 | 17 |
| **Mandi** | FEB | 224 | 947 | 581 | 126 | 0 | 3 | 0 | 397 | **2278** | 11 | 425 | 23 |
| | MAR | 271 | 318 | 111 | 65 | 0 | 0 | 151 | 0 | **916** | 7 | 361 | 51 |
| **Balh** | FEB | 7 | 215 | 48 | 3 | 0 | 0 | 1 | 59 | **333** | 12 | 532 | 7 |
| | MAR | 6 | 145 | 15 | 0 | 0 | 0 | 1 | 59 | **226** | 7 | 211 | 7 |
| **Gohar** | FEB | 76 | 210 | 29 | 4 | 0 | 1 | 46 | 1 | **367** | 8 | 184 | 21 |
| | MAR | 86 | 215 | 40 | 28 | 0 | 0 | 37 | 0 | **406** | 7 | 226 | 51 |
| **Churag** | FEB | 66 | 140 | 51 | 30 | 0 | 0 | 0 | 0 | **287** | 7 | 292 | 0 |
| | MAR | 90 | 400 | 200 | 70 | 0 | 5 | 0 | 0 | **765** | 6 | 259 | 54 |
| **Gopalpur** | FEB | 83 | 56 | 31 | 2 | 2 | 0 | 80 | 7 | **261** | 4 | 100 | 96 |
| | MAR | 2 | 108 | 36 | 5 | 0 | 0 | 0 | 3 | **154** | 5 | 190 | 0 |
| **Total=** | | **994** | **3603** | **1551** | **379** | **8** | **23** | **437** | **548** | **7543** | **128** | **4808** | **358** |

- **परियोजना की मॉनिटरिंगः–** वितिय साक्षरता केन्द्र द्वारा किये गये कार्य की मॉनिटरिंग हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ADEPT पोर्टल चलाया गया है जिसमें डाटा ऑपरेटर द्वारा हर दिन का डाटा अपलोड किया जायेगा। इस परियोजना की मॉनिटरिंग जिला स्तर पर अग्रणी बैंक प्रबन्धक, पंजाब नैशनल बैंक, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड द्वारा की जायेगी। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक किसी अन्य एजैन्सी के माध्यम से भी निगरानी रखेगा।

## 3.भवन एवम् अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड

हिमाचल प्रदेश भवन एवम् अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड शिमला द्वारा समिति को प्रदेश भर में जागरूकता शिविर आयोजित करने हेतु परियोजना स्वीकृत की हैं। जिसके प्रथम चरण में द्रंग ब्लॉक का कार्य 31 मार्च,2022 तक पूरा किया जा चुका है। इस संबध में 45 पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया है जिस पर कुल खर्चा 6,28,000/- रूपये हुआ है। श्रम अधिकारी मंडी को खर्चे संबंधित बिल वाउचर कार्यालय में जमा करवा दिये हैं। संबंधित विभाग से अभी तक राशि प्राप्त नहीं हुई है जबकि खर्चा समिति द्वारा किया गया है। इस बारे लंबित राशि जारी करने बारे पत्र माननीय कर्नल धनी राम शांडिल श्रम,स्वास्थ्य मंत्री एवम अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश भवन एवम् अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड शिमला को प्रेषित किया गया है

<u>फोटो नाबार्ड परियोजनाएं OFPO, LEDEP, MEDP etc.</u>











# फोटो वित्तीय साक्षरता














मनीवाईज–वित्तीय साक्षरता केन्द्र




MoneyWise
Centre for Financial Literacy
वित्तीय साक्षरता केन्द्र, आनी, जिला-कुल्लू





# अखबारों की कतरनें

## सरकाघाट में अब एक ही छत तले मिलेगी लोगों को बचत एवं सूक्ष्म बीमा योजना की जानकारी



सरकाघाट| वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) परियोजना के तहत आज बचत भवन सरकाघाट में वित्तीय साक्षरता केन्द्र का शुभारंभ सुरेश कुमार बोद्ध, अग्रणी जिला प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक मंडी द्वारा किया गया। बोद्ध ने इस मौके पर कहा कि आज के समय में धन प्रबंधन के बारे में जागरूकता की आवश्यकता है तथा इस केंद्र के खुलने से लोगों को वित्तीय साक्षरता एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा, बैंकों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न बचत योजनाओं व सूक्ष्म बीमा योजनाओं की जानकारी भी मिलेगी। उन्होंने उपस्थित समूह से अपील की कि वे वित्तीय साक्षरता की जानकारी अपने आस पास के लोगों तक पहुंचाए ताकि ज्यादा से ज्यादा इनसे लाभान्वित हो सकें। मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के महासचिव भीम सिंह ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम 2019-2024 के तहत पूरे देश में हर ब्लॉक स्तर पर वित्तीय साक्षरता केंद्र सीएफएल सेंटर स्थापित करने की योजना चलाई जा रही है। प्रथम चरण में 1112 वित्तीय साक्षरता केंद्रों की स्थापना की गई है। दूसरे चरण में दिसंबर 2022 तक 500 अतिरिक्त वित्तीय साक्षरता केंद्र गठित किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश के छह जिलों मंडी, कुल्लू, हमीरपुर, सोलन, शिमला तथा सिरमौर में यह योजना चलाई जा रही है। जिला मंडी, हमीरपुर व कुल्लू जिला का कार्य मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति को दिया गया है। उपरोक्त परियोजना के तहत तीन खंडों का एक वित्तीय साक्षरता केंद्र होगा। इस आधार पर मंडी में मंडी सदर, बल्ह, गोहर, गोपालपुर व चुराग, जिला कुल्लू में नग्गर व आनी, जिला हमीरपुर में हमीरपुर व भोरंज कुल नौ वित्तिय साक्षरता केंद्र स्थापित किए जाएंगे जिनमें प्रत्येक मे एक मुख्य समन्वयक, 2 सहायक समन्वयक व एक डाटा ऑपरेटर नियुक्त किए गए हैं जो गांव/पंचायत स्तर पर कैम्प के माध्यम लोगों को वित्तीय साक्षरता के बारे में जागरूक करेंगे इस परियोजना की निगरानी जिला स्तर पर अग्रणी बैंक प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा की जाएगी। इस मौके पर वित्तीय साक्षरता पर्यवेक्षक हरि सिंह कौंडल, स्थानीय बैंकों के प्रबंधक, हेम राज ठाकुर, भवनेश भाडू, सुनील चंदेल, अभिषेक, पंचायत प्रधान विधि चंद, कार्यक्रम समन्वयक गजेंद्र शर्मा, कैप्टन राजेंद्र ठाकुर सेंटर हेड ऋत्विक, सुनीता पटियाल, रोशनी, जयदेव, कश्मीर सिंह, रीना कुमारी, संतोष, वंदना, उमा देवी, सरला देवी, रविंद्र समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरकाघाट में अब एक ही छत तले मिलेगी लोगों को बचत एवं सूक्ष्म बीमा योजना की जानकारी



■ संवाददाता, बढ़ते कदम

**सरकाघाट ।** वित्तीय साक्षरता केन्द्र (सी.एफ.एल) परियोजना के तहत आज बचत भवन सरकाघाट में वित्तीय साक्षरता केन्द्र का

**● पीएनबी द्वारा सरकाघाट में वित्तीय साक्षरता केन्द्र का शुभारम्भ**

शुभारम्भ सुरेश कुमार बोद्ध, अग्रणी जिला प्रबंधक पंजाब नैशनल बैंक मण्डी द्वारा किया गया। बोद्ध ने इस मौके पर कहा कि आज के समय में धन प्रबन्धन के बारे में जागरूकता की आवश्यकता है तथा इस केंन्द्र के खुलने से लोगों को वित्तीय साक्षरता एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा, बैंकों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न बचत योजनाओं व सूक्ष्म बीमा योजनाओं की जानकारी भी मिलेगी। उन्होंने उपस्थित समूह से अपील की कि वे वित्तीय साक्षरता की जानकारी अपने आस पास के लोगों तक पहुंचाए ताकि ज्यादा से ज्यादा इनसे लाभान्वित हो सकें ।मण्डी साक्षरता एवम् जन विकास समिति के महासचिव भीम सिंह ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय समावेशन कार्याक्रम 2019-2024 के तहत पूरे देश में हर ब्लॉक स्तर पर वित्तीय साक्षरता केन्द्र सी एफ एल सैंटर स्थापित करने की योजना चलाई जा रही है। प्रथम चरण में 1112 वित्तिय साक्षरता केन्द्रों की स्थापना की गई है। दूसरे चरण में दिसम्बर 2022 तक 500 अतिरिक्त वित्तीय साक्षरता केन्द्र गठित किए गए हैं ।

# भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय समावेश कार्यक्रम का आयोजन

## हिमाचल प्रदेश लाइव न्यूज़



**संवाददाता/वीरेन्द्र ठाकुर**

बल्ह : भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय समावेश कार्यक्रम 2019,2024 के तहत नेरचौक में स्थापित (CFL) वित्तीय साक्षरता केन्द्र जिसका उद्धघाटन भारतीय रिजर्व बैंक के उपमहाप्रबंधक अमरेंद्र गुप्ता , खण्ड विकास अधिकारी बल्ह श्री मनोज कुमार की उपस्थिति में 16जनवरी को किया गया। वित्तीय साक्षरता केन्द्र नेरचौक के सौजन्य से आज ग्राम पंचायत सकरोहा बल्ह खण्ड दयारगी , छमयार , धनोटू खण्ड व बोबर तथा खिल्लडा पंचायतों में पंचायत स्तरीय वित्तीय साक्षरता कैंपों का आयोजन किया गया । ग्राम पंचायत सकरोहा में आयोजित कैंप में स्थानीय प्रधान देवकीनंदन की अध्यक्षता में कैंप का आयोजन स्थानीय हिमाचल ग्रामीण बैंक शाखा गागल के प्रबंधक व उप प्रबंधक की मौजूदगी में साक्षरता समिति मंडी की ओर से श्री नंद लाल व क्षेत्रीय प्रभारी चंपा कुमारी ठाकुर जी इस कैंप में भागीदार रहे कैंप में उपस्थित लोगों को बैंक के माध्यम से चलाई जा रही सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं के बारे में प्रबंधक द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। साक्षरता समिति से नंद लाल जी द्वारा वित्तीय साक्षरता केंद्र की



भूमिका, माइक्रो बीमा के माध्यम से बीमा ग्राम योजना की जानकारी दी। पंचायत प्रधान श्री देवकीनंदन द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया व आभार प्रकट किया गया।











कुल्लू केसरी

# ऑनलाइन धोखाधड़ी व चिटफंड कंपनियों से रहें सतर्क : डी.सी.

## सेऊबाग में खुला सी.एफ.एल. वित्तीय साक्षरता केंद्र का डी.सी. ने किया शुभारंभ

कुल्लू, 20 जनवरी (ब्यूरो): नग्गर विकास खंड के तहत सेऊबाग में सी.एफ.एल. वित्तीय साक्षरता केंद्र का डी.सी. आशुतोष गर्ग ने शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि इस केंद्र के खुल जाने से जिले के लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं व कार्यक्रमों के तहत प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी के साथ-साथ बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी भी मिलेगी।

यह केंद्र लोगों को वित्तीय साक्षर करवाने में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन धोखाधड़ी व चिटफंड कंपनियों से सतर्क रहें। आज के समय में ऑनलाइन धोखाधड़ी व चिटफंड कंपनियों के द्वारा लोगों को पैसों का लालच देकर ठगा जा रहा है। इस बारे में लोगों को जागरूक करने में यह केंद्र अहम भूमिका निभाएगा, जिससे उनकी खून-पसीने की कमाई को लूटने से बचाने में सहायता मिलेगी।



*कुल्लू : सेऊबाग में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं व कार्यक्रमों के तहत जानकारी प्रदान करते डी.सी. कुल्लू।* (छाया)

उन्होंने समस्त पंचायत प्रतिनिधि, बैंक, महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह व मंडी साक्षरता समिति के कार्यकर्ताओं को वित्तीय साक्षरता की जानकारी के साथ प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे भी जागरूक करने की अपील की है।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी नग्गर ओशीन शर्मा, मुख्य प्रबंधक पंजाब नैशनल बैंक मंडी शंकर प्रसाद, स्थानीय बैंकों के प्रबंधक, नग्गर खंड के समस्त पंचायत प्रधान, मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र मोहन, महासचिव भीम सिंह, कार्यक्रम समन्वयक गजेन्द्र शर्मा, सैंटर हैड धनवंती व प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### दूसरा केंद्र आनी में खोला जाएगा

भारतीय रिजर्व बैंक के उप महाप्रबंधक अमरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि वित्तीय समावेशन कार्यक्रम 2019-2024 के तहत देशभर में खंड स्तर पर वित्तीय साक्षरता केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। प्रथम चरण में 1112 वित्तीय साक्षरता केंद्रों की स्थापना की गई है। कुल्लू जिले में 2 वित्तीय साक्षरता केंद्र खोले जा रहे हैं, जिसके तहत एक केंद्र ने आज अपना कार्य आरंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि दूसरा केंद्र आनी में खोला जाएगा। इस परियोजना की मॉनीटरिंग जिला स्तर पर अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा की जाएगी।

---

23 जनवरी 2023 शिमला, कुल्लू, धर्मशाला | निर्भीक एवं स्टीक पत्रकारिता का प्रतीक

# सीएफएल मुख्य समन्वयक धनवंती खंड समन्वयक अंजली शर्मा की अध्यक्षता में वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन

**तूफान मेल न्यूज कुल्लू।**

*सोमवार को ग्राम पंचायत शमशी के महिला मंडल स्वयं सहायता समूह में सीएफएल मुख्य समन्वयक धनवंती खंड समन्वयक अंजली शर्मा की अध्यक्षता में वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया। ग्राम पंचायत शमशी महिला मंडल व स्वयं सहायता में सी एफ एल मुख्य समन्वयक धनवंती और खंड समन्वयक अंजली की अध्यक्षता में वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान कैंप 25 महिलाओं ने भाग लिया। इस वित्तीय साक्षरता कैंप में सी एफ एल मुख्य समन्वयक धनवंती ने सरकार दवारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, ऑनलाईन लेनदेन व बैंक दवारा चलाई जा रही विभिन्न बचत स्कीमों की जानकारी महिलाओं को दी। इसके अलावा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत प्रधान.... व महिला मंडल व स्वयं सहायता समूह प्रधान व सचिव..... व अन्य सदस्य मौजूद रहे।*




**कैंप में 25 महिलाओं ने लिया भाग**

# महिलाओं को शिविर में बताईं योजनाएं

लडभड़ोल, 19 जनवरी (भारद्वाज): गुरुवार को पंचायत लडभड़ोल के महिला मंडल लोहारजोल के लिए सी.एफ.एल. फैसिलिटेटर रीना जोशी की अध्यक्षता में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें करीब 35 महिलाओं ने भाग लिया। शिविर में महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व बैंकिंग स्कीम बारे जानकारियां प्रदान की गईं। इस दौरान सी.एफ.एल. फैसिलिटेटर सहित महिला मंडल लोहारजोल की प्रधान रक्षा देवी, चम्पा देवी, मीरा देवी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# महिलाओं को दी बचत योजनाओं की जानकारी




लडभड़ोल। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तिय समावेशन कार्यक्रम के तहत पूरे देश में हर ब्लॉक स्तर में वितीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल सेंटर) स्थापित करने की योजना चलाई जा रही है। देशभर में प्रथम चरण में 1112 केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रदेश के छह जिलों में यह योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत लडभड़ोल में वित्तिय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। सीएफएल फेसिलेटर लडभड़ोल, रीना जोशी ने बताया कि इस दौरान कैंप में महिला मंडल चैलचतरा की करीब 25 महिलाओं ने भाग लिया। इस वित्तिय साक्षरता कैंप में सीएफएल फेसिलेटर लडभड़ोल, रीना जोशी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड, ऑनलाइन लेन देन व बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न बचत स्कीमों की जानकारी महिलाओं को दी। इस दौरान सीएफएल फेसिलेटर लडभड़ोल रीना जोशी सहित महिला मंडल की प्रधान सपना देवी, कृष्णा देवी, सावित्री देवी, पिंकी देवी व अन्य मौजूद रही।

# लडभड़ोल के महिला मंडल भवन चैलचतरा में वित्तिय साक्षरता शिविर आयोजन किया

**दैनिक आवाज जनादेश**
**संवाददाता**

**लडभड़ोल** : भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तिय समावेशन कार्यक्रम के तहत पूरे देश में हर ब्लॉक स्तर में वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल सेन्टर) स्थापित करने की योजना चलाई जा रही है। देश भर में प्रथम चरण में 1112 केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रदेश के 6 जिलों में यह योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत लडभड़ोल के महिला मंडल चैलचतरा में वित्तिय साक्षरता कैम्प का आयोजन किया गया। सीएफएल फेसिलेटर लडभड़ोल,रीना जोशी ने बताया कि इस दौरान कैम्प में करीब 25 महिलाओं ने भाग लिया। इस वित्तिय साक्षरता कैम्प में सीएफएल फेसिलेटर




लडभड़ोल, रीना जोशी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड, ऑनलाइन लेन देन व बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न बचत स्कीमों की जानकारी महिलाओं को दी। इसके अलावा ऑनलाइन धोखाधड़ी से कैसे बचें, इसके बारे में भी महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान सीएफएल फेसिलेटर लडभड़ोल रीना जोशी सहित महिला मंडल की प्रधान सपना देवी, कृष्णा देवी, सावित्री देवी, पिंकी देवी व अन्य मौजूद रहे।

हिमाचल दस्तक

# मंडी-कुल्लू

# तीन जिलों में स्थापित होंगे सीएफएल सैंटर

## मंडी साक्षरता समिति कार्यालय सौली खड्ड से परियोजना का आगाज

हिमाचल दस्तक ■ मंडी

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम 2019-2024 के तहत पूरे देश में हर ब्लॉक स्तर पर वित्तीय साक्षरता केंद्र सीएफएल सेंटर स्थापित करने की योजना चलाई जा रही है। इसके तहत सोमवार को परियोजना का शुभारंभ एसडीएम मंडी रितिका जिंदल द्वारा मंडी साक्षरता समिति कार्यालय सौली खड्ड से किया गया।

इस मौके पर भारतीय रिजर्व बैंक के उप महाप्रबंधक अमरेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के 6 जिलों मंडी, कुल्लू, हमीरपुर, सोलन, शिमला तथा सिरमौर में यह योजना चलाई जा रही है। इसमें तीन जिला मंडी, हमीरपुर व कुल्लू जिला का कार्य मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति को दिया गया है। प्रथम चरण में 1112 वित्तीय साक्षरता केंद्रों की स्थापना की गई है। परियोजना के दूसरे चरण में दिसंबर 2022 तक 500 अतिरिक्त वित्तीय साक्षरता केंद्रों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि



सौलीखड्ड में वित्तीय साक्षरता केंद्र सीएफएल सैंटर के शुभारंभ पर उपस्थित एसडीएम रितिका जिंदल व अन्य।

उपरोक्त परियोजना के तहत तीन खंडों को एक केंद्र होगा।

गौर रहे कि मंडी में मंडी सदर, बल्ह, गोहर, गोपालपुर व चुराग, जिला कुल्लू में नग्गर व आनी, जिला हमीरपुर में हमीरपुर व भोरंज में कुल 9 वित्तीय साक्षरता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन परियोजनाओं की मॉनिटरिंग जिला स्तर पर अग्रणी बैंक प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के उप महाप्रबंधक अमरेंद्र गुप्ता, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के जिला विकास प्रबंधक राकेश वर्मा, अग्रणी बैंक प्रबंधक सुरेश कुमार बोध, क्षेत्रीय प्रबंधक हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक आरके शर्मा, मंडी साक्षरता एवं जन विकास

- वित्तीय साक्षरता केंद्र का एसडीएम ने किया शुभारंभ
- बैंक प्रबंधक करेंगे परियोजनाओं की मॉनिटरिंग

### इनकी होगी नियुक्ति

इन वित्तीय साक्षरता केंद्रों में एक मुख्य समन्वयक, 2 सहायक समन्वयक व एक डाटा ऑपरेटर नियुक्त किए जाएंगे जो ब्लॉक, पंचायत स्तर पर कैंप के माध्यम से लोगों को वित्तीय साक्षरता के बारे में जागरूक करेंगे।

### लोगों को सरकारी योजनाओं की देंगे जानकारी

मुख्य समन्वयक, 2 सहायक समन्वयक सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं-प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन व बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न बचत स्कीमों की जानकारी लोगों को देंगे। इसके अलावा ऑनलाइन धोखाधड़ी से कैसे बचें इसके बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष हेमंत राज वैद्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं नगर निगम पार्षद राजेंद्र मोहन, समिति के महासचिव भीम सिंह, सह सचिव मुरारी शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य भारत भूषण शर्मा ने भाग लिया।

News Paper :- Himachal Dastak
17/01/2023

---

उत्थान | मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति कार्यालय में मनीवाइज वित्तीय साक्षरता केंद्र स्थापित

# ग्रामीण इलाकों में मजबूत होंगी महिलाएं, किसान

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- मंडी



Divya Himachal (Mandi)
17/01/2023

News :- DIVYA HIMACHAL (MANDI)
17/01/2023

सरोआ हैंडलूम कंपनी ने शुरू किए 3 प्रशिक्षण सेंटर, कंपनी से जुड़ेंगे 500 बुनकर

# धागों की बुनावट से सराज और नाचन की 12 पंचायतों के बुनकर लिखेंगे खुशहाली की इबारत

**● बुनकरों के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर बेचने के लिए डिजाइन को किया जाएगा अपग्रेड**

सवेरा ब्यूरो

मंडी, 25 अगस्त : मंडी जिला के 2 विधानसभा क्षेत्रों सराज और नाचन क्षेत्र की 12 पंचायतों के करीब 500 बुनकर सरोआ हैंडलूम कंपनी के के साथ जुड़कर धागों की बुनावट से खुशहाली की इबारत लिखने जा रहे हैं। नाबार्ड और प्रदेश की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के प्रयासों से सरोआ की बुनकर कंपनी का सपना साकार हुआ। इस क्षेत्र की 12 पंचायतों में हर घर में लोगों के पास परंपरागत खड्डी होती थी जिसमें वे कुल्लू शाल तैयार करते थे। मगर इससे उनका गुजारा संभव नहीं था सरोआ हैंडलूम कंपनी के डायरेक्टर लालमन ने बताया कि सराज और नाचन क्षेत्र की 12 पंचायतों के हर घर में खड्डी होने की वजह से हर घर में बुनकर थे जिसके चलते नाबार्ड और साक्षरता समिति के प्रयासों से वर्ष 2020 में बुनकरों का बेस लाइन सर्वे किया गया। इसके बाद बुनकरों का सरोआ में जनरल हाउस किया गया और अब तक 340 बुनकरों ने कंपनी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। कंपनी एक्ट के तहत सरोआ हैंडलूम कंपनी का पंजीकरण करवाया गया। इसके बाद 30 मई 2022 को कंपनी का विधिवत शुभारंभ किया गया। हैंडलूम कंपनी को नाबार्ड द्वारा करीब 90 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। अभी हाल ही में नाबार्ड के सौजन्य से तीन सामान्य सुविधा केंद्र खोले गए है। इन सामान्य सुविधा केंद्र में महिलाओं को खड्डियों से बनने वाले उत्पादों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा और अब तक इस स्कीम के



नांडी के प्रशिक्षण केंद में बुनाई करती हुई बुनकर।

तहत 340 महिलाएं जुड़ चुकी है। जबकि लक्ष्य 500 महिलाओं को जोड़ने का रखा गया है। नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक राकेश वर्मा ने बताया कि नाबार्ड ने साक्षरता समिति के सौजन्य से बैहल, नांडी और सरोआ में सामान्य सुविधा केंद्र खोले गए है इन केंद्रों में सात-सात खड्डिया लगाई गई है जिसमें एक साथ महिलाएं प्रशिक्षण लेंगी और नए-नए डिजाइन के वस्त्र तैयार करेंगी। उन्होंने कहा कि कंपनी के द्वारा ही इन महिलाओं को उत्पाद में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल कंपनी द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा और महिलाओं द्वारा तैयार की गई वस्तुओं को कंपनी उनके माल को घरद्वार से लेगी तथा स्टोर बनाकर उसकी मार्केटिंग करेगी।

इसके अलावा नाबार्ड भी मार्केट में प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा महिलाएं प्रशिक्षण लेने के बाद जब आत्मनिर्भर बन जाएंगी तो खुद अपना और अपने परिवार की अजीविका कमाने में सक्षम हो जाएंगी। नाबार्ड का लक्ष्य है कि सरोआ हैंडलूम कंपनी के माध्यम से महिलाएं व बुनकर आत्मनिर्भर होकर आजीविका कमाएं। इसके लिए परंपरागत डिजाईन को अपग्रेड करने के अलावा शॉल, स्टॉल, चदरें, जैकेट, पट्टियां आदि तैयार करवाई जाएगी। और समय-समय पर डिजाईन अपग्रेड करके बुनकरों को प्रशिक्षण देकर उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा। इधर, मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति की समन्वयक रीना का कहना है कि सरोआ में नाबार्ड के द्वारा गैर कृषक उत्पादक संगठन परियोजना के तहत 500 बुनकरों के लिए 90.11 लाख की परियोजना स्वीकृत हुई है। इस परियोजना के तहत लगभग 12 पंचायतों के बुनकर लाभान्वित होंगे। ये 500 बुनकरों की एक कंपनी होंगी जो कंपनी एक्ट के तहत रजिस्टर हो चुकी है। अब तक कंपनी में 1000 रूपए प्रति बुनकर सदस्ता के चलते 340 बुनकरों का शेयर कैपिटल कंपनी के बैंक खाते मे जमा कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत कंपनी का कम्युनिटी फैसिलिटी सेंटर बनाया जाएगा, जिसके लिए नाबार्ड द्वारा 35 लाख का प्रावधान किया गया है। परियोजना मे बुनकरों की स्किल डिवेल्पमेंट ट्रेनिंग करवाई जाएगी। जिसके माध्यम से प्रोडक्ट की गुणवत्ता में सुधार होगा और मार्केटिंग को बढ़ावा मिलेगा।

---

# 12 पंचायतों के बुनकर तैयार करेंगे धागों के उत्पाद

## सरोआ हैंडलूम कंपनी ने शुरू किए प्रशिक्षण केंद्र

मंडी, 25 अगस्त (ब्यूरो): विधानसभा क्षेत्र नाचन और सराज की 12 पंचायतों के करीब 500 बुनकर सरोआ हैंडलूम कंपनी के साथ मिलकर धागों के उत्पाद तैयार करेंगे।

नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक राकेश वर्मा ने बताया कि नाबार्ड ने साक्षरता समिति के सौजन्य से बैहल, नांडी और सरोआ में सामान्य सुविधा केंद्र खोले हैं जिनमें 7-7 खड्डियां लगाई गई हैं।

इन केंद्रों में एक साथ महिलाएं प्रशिक्षण लेंगी और नए-नए डिजाइन के वस्त्र तैयार करेंगी। उन्होंने कहा कि कंपनी के द्वारा ही इन महिलाओं को उत्पाद में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल कंपनी द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा और महिलाओं द्वारा तैयार की गई वस्तुओं को कंपनी उनके माल को घरद्वार से लेगी तथा स्टोर बनाकर उसकी मार्कीटिंग करेगी।



*मंडी : नांडी के प्रशिक्षण केंद्र में बुनाई करतीं बुनकर। (काली)*

इसके अलावा नाबार्ड भी मार्कीट में प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा।

इसके लिए परंपरागत डिजाइन को अपग्रेड करने के अलावा शाल, स्टाल, चदरें, जैकेट, पट्टियां आदि तैयार करवाई जाएंगी और समय-समय पर डिजाइन अपग्रेड करके बुनकरों को प्रशिक्षण देकर उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा।

## 90.11 लाख की स्वीकृत हुई है परियोजना : रीना

मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति की समन्वयक रीना ने बताया कि सरोआ में नाबार्ड के द्वारा गैर-कृषक उत्पादक संगठन परियोजना के तहत 500 बुनकरों के लिए 90.11 लाख की परियोजना स्वीकृत हुई है जिससे लगभग 12 पंचायतों के बुनकर लाभान्वित होंगे। ये 500 बुनकरों की एक कंपनी होगी जो कंपनी एक्ट के तहत रजिस्टर हो चुकी है। अब तक कंपनी में 1000 रुपए प्रति बुनकर सदस्यता के चलते 340 बुनकरों के शेयर कैपिटल कंपनी के बैंक खाते में जमा कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत कंपनी का कम्युनिटी फैसिलिटी सैंटर बनाया जाएगा तथा परियोजना में बुनकरों की स्किल डिवैल्पमैंट ट्रेनिंग करवाई जाएगी।

---

**सौगात** सरोआ हैंडलूम कंपनी ने शुरू किए तीन प्रशिक्षण सेंटर; कंपनी से जुड़ेंगे पांच सौ बुनकर, बुनकरों के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर बेचने के लिए डिजाइन किया जाएगा अपग्रेड

# सराज-नाचन के बुनकर लिखेंगे खुशहाली की इबारत

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – मंडी**

मंडी ... के दो विधानसभा क्षेत्रों सराज और नाचन क्षेत्र की 12 पंचायतों के करीब पांच सौ बुनकर सरोआ हैंडलूम कंपनी के के साथ जुड़कर धागों की बुनावट से खुशहाली की इबारत लिखने जा रहे हैं। नाबार्ड और प्रदेश की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के प्रयासों से सरोआ की बुनकर कंपनी का सपना साकार हुआ। इस क्षेत्र की 12 पंचायतों में हर घर में लोगों के पास परंपरागत खड्डी होती थी, जिसमें वे कुल्लू शाल तैयार करते थे, मगर इससे उनका गुजारा संभव नहीं था। सरोआ हैंडलूम कंपनी के डायरेक्टर लालमन ने बताया कि सराज और नाचन क्षेत्र की 12 पंचायतों के हर घर में खड्डी होने की वजह से हर घर में बुनकर थे, जिसके चलते नाबार्ड और साक्षरता समिति के प्रयासों से वर्ष 2020 में बुनकरों का बेस लाइन सर्वे किया गया। इसके बाद बनुकरों का सरोआ में जनरल हाउस किया गया और अब तक 340 बुनकरों ने कंपनी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। कंपनी एक्ट के तहत सरोआ हैंडलूम कंपनी का पंजीकरण करवाया गया। इसके बाद 30 मई, 2022 को कंपनी का विधिवत शुभारंभ किया गया। हैंडलूम कंपनी को नाबार्ड द्वारा करीब 90 लाख की राशि स्वीकृत की गई हैं। अभी हाल ही में नाबार्ड के सौजन्य से तीन सामान्य सुविधा केंद्र खोले गए हैं। इन सामान्य सुविधा केंद्र में महिलाओं को खड्डियों से बनने वाले उत्पादों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा और अब तक इस स्कीम के तहत 340 महिलाएं जुड़ चुकी हैं, जबकि लक्ष्य 500 महिलाओं को जोड़ने का रखा गया है। नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक राकेश वर्मा ने बताया कि नाबार्ड ने साक्षरता समिति के सौजन्य से बैहल, नांडी और सरोआ में सामान्य सुविधा केंद्र खोले गए हैं, इन केंद्रों में सात-सात खड्डियां लगाई गई हैं, जिसमें एक साथ महिलाएं प्रशिक्षण लेंगी और नए-नए डिजाइन के वस्त्र तैयार करेंगी। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा ही इन महिलाओं को उत्पाद में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल कंपनी द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा और महिलाओं द्वारा तैयार की गई वस्तुओं को कंपनी उनके माल को घरद्वार से लेगी तथा स्टोर बनाकर उसकी मार्केटिंग करेगी। इसके अलावा, नाबार्ड भी मार्केट में प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा महिलाएं प्रशिक्षण लेने के बाद जब आत्मनिर्भर बन जाएंगी तो खुद अपना और अपने परिवार की अजीविका कमाने में सक्षम हो जाएंगी। नाबार्ड का लक्ष्य है कि सरोआ हैंडलूम कंपनी के माध्यम से महिलाएं व बुनकर आत्मनिर्भर होकर आजीविका कमाएं। इसके लिए परंपरागत डिजाइन को अपग्रेड करने के अलावा शॉल, स्टॉल, चदरें, जैकेट, पट्टियां आदि तैयार करवाई जाएंगी और समय-समय पर डिजाइन अपग्रेड करके बुनकरों को प्रशिक्षण देकर उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा।

## बुनकरों को दी जाएगी स्किल डिवेलपमेंट ट्रेनिंग

इधर, मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति की समन्वयक रीना का कहना है कि सरोआ में नाबार्ड द्वारा अब तक कंपनी में 1000 रुपए प्रति बुनकर सदस्ता के चलते 340 बुनकरों का शेयर कैपिटल कंपनी के बैंक खाते में जमा कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत कंपनी का कम्युनिटी फैसिलिटी सेंटर बनाया जाएगा, जिसके लिए नाबार्ड द्वारा 35 लाख का प्रावधान किया गया है। परियोजना में बुनकरों की स्किल डिवेलपमेंट ट्रेनिंग करवाई जाएगी, जिसके माध्यम से प्रोडक्ट की गुणवत्ता में सुधार होगा और मार्केटिंग को बढ़ावा मिलेगा।

# सरोआ के 500 बुनकरों के लिए हैंडलूम कंपनी का हुआ शुभारंभ

मंडी। जिला मंडी के सराज क्षेत्र के सरोआ और आसपास की पंचायतों के 500 बुनकरों ने कंपनी का गठन कर अपने कुशल हाथों से खुशहाली की इबारत लिखने की दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है। सोमवार को सरोआ हैंडलूम कंपनी का विधिवत शुभारंभ हुआ।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. सुधांशु और हिमाचल ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष उदय चंद्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। महाप्रबंधक डॉ. सुधांशु ने बताया कि सरोआ क्षेत्र के 500 से अधिक हथकरघा बुनकरों के लिए नाबार्ड की ओर से गैर कृषक उत्पादक संगठन के तहत यह परियोजना स्वीकृत की गई है। सरोआ में सामुदायिक सुविधा केंद्र 35 लाख रुपये से तैयार किया जाएगा। बुनकरों के कौशल विकास के लिए डिजाइन डेवलपमेंट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संवाद

## हैंडलूम कंपनी का शुभारंभ

मंडी। मंडी जिला के सराज क्षेत्र के सरोआ व आसपास की पंचायतों के पांच सौ बुनकरों ने अपनी कंपनी का गठन कर अपने कुशल हाथों से खुशहाली की इबारत लिखने की दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है। सोमवार को सरोआ हैंडलूम कंपनी का विधिवत शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबधक डा. सुधांशु केके मिश्रा और हिमाचल ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष उदय चंद्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। मंडी जिला के गोहर खंड के सरोआ क्षेत्र के 500 से अधिक हथकरघा बुनकरों के लिए नाबार्ड द्वारा गैर कृषक उत्पादक संगठन के तहत यह परियोजना स्वीकृत की गई है। जिसका विधिवत शुभारंभ डॉ सुधांशु केके मिश्रा द्वारा किया गया।